# सर पदमपत सिंहानिया के छात्रों ने जीते स्वर्ण और कांस्य पदक

**कानपुर।** सर पदमपत सिंहानिया विद्यालय के छात्रों ने सीबीएसई नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण और कांस्य पदक अपने नाम किया। 21 से 24 नवंबर के बीच मध्यप्रदेश के भोपाल में खेले गए मुकाबलों में सर पदमपत सिंहानिया विद्यालय के छात्रों ने परचम लहराया। प्रतियोगिता में चेन्नई, अमृतसर, गाजियाबाद और कुवैत के स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की टीम में 8 छात्र और पांच छात्राएं शामिल रहीं। अंडर 14 मिक्सड डबल में उज्ज्वल अवस्थी ने स्वर्ण पदक और बालकों की टीम ने कांस्य पदक जीता। चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया ने विजेताओं और कोच को बधाई दी। (संवाद)